10. क्रिया

काम का करना या होना बताने वाले शब्द क्रिया कहलाते हैं। क्रिया कर्म के साथ तथा कर्म के बिना दोनों रूप में होती है। क्रिया के बिना वाक्य पूर्ण नहीं होते।

शिक्षण-संकेत

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को क्रिया की पुनरावृत्ति करवाएँ।
- ❖ उनसे जानें वे क्रिया के बारे में क्या जानते हैं।
- ❖ पूछें, हमारे आसपास क्या-क्या क्रियाएँ हो रही हैं।
- ❖ पाठ पृष्ठ 63 पर दिए चित्र तथा उनके वाक्यों के द्‌वारा क्रिया समझाएँ।
- ❖ समझाएँ, हम जो भी काम करते हैं वे सब क्रिया ही कहलाती है। क्रिया का करना तथा होना का अंतर उदाहरण द्‌वारा बताएँ।
- ❖ क्रिया की धातु से अवगत कराएँ। समझाएँ, क्रिया का मूल रूप ही धातु रूप होता है।
- ❖ क्रिया के भेदों– सकर्मक, अकर्मक के बारे में बताएँ।
- ❖ वाक्यों द्‌वारा सकर्मक-अकर्मक क्रिया का अंतर स्पष्ट करें।
- ❖ सभी बच्चों पर ध्यान दें। सुनिश्चित करें, बच्चे विषय समझ पा रहे हैं।
- ❖ अभ्यास करवाने में यथोचित सहायता करें।